द्वारा 'ई' मेल/अति आवश्यक/समयबद्ध

पुलिस तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

8वॉ तल, टावर–4, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ–226002 : e-mail: tshq@up.nic.in

पत्र संख्याः टीएससी–25/2021 दिनांकः जुलाई 02, 2024

सेवा में,

1– पुलिस अयुक्त, गाजियाबाद/वाराणसी।

2– अपर पुलिस महानिदेशक, पी0टी0सी0सीतापुर/पी0टी0एस0मेरठ।

3– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़, अमरोहा, औरैया, आजमगढ़, बगपत, बहराइच, बलिया, बॉदा, बॅदायू, बुलन्दशहर, देवरिया, एटा, गाजीपुर, गोरखपुर, हाथरस, जालौन, कन्नौज, कासगंज, कौशाम्बी, लखीमपुर–खीरी, कुशीनगर, महराजगंज, मैनपुरी, मथुरा, मुरादाबाद, पीलीभीत, रायबरेली, रामपुर, सहारनपुर, सन्तकबीर नगर, शाहजहॉपुर, शामली, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र।

विषय : उ0प्र0पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली–2011 (यथा संशोधित) के अनुसार कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी के पद पर चयन हेतु बोर्ड प्रपत्रों का मिलान कराने के सम्बन्ध में।

———

उपर्युक्त विषयक कृपया इस मुख्यालय के सम संख्यक पत्र दिनांक 10–06–2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए से ग्रेड–बी के पद पर श्रेष्ठता के आधार पर प्रोन्नति हेतु त्रुटिरहित बोर्ड प्रपत्र तैयार कर विभिन्न नियत तिथियों में मिलान हेतु उ0प्र0पुलिस तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय में सम्बन्धित चरित्र पंजिका लिपिक के माध्यम से प्रेषित करने की अपेक्षा की गयी थी।

उक्त संबंध में कृपया अवगत कराना है कि इस मुख्यालय के सम संख्यक अनुस्मारक पत्र दिनांक 15–06–2024, 19–06–2024, 20–06–2024 व 28–06–2024 व अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना के पत्र संख्याः 18–कम्प्यू0ऑ0ग्रेड–ए से ग्रेड–बी/2021 दिनांक 24–06–2024 तथा विभिन्न जोन/रेन्ज द्वारा भी कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए से ग्रेड–बी की पदोन्नति हेतु बोर्ड प्रपत्रों को तैयार कर अद्यावधिक चरित्र पंजिकाओं के साथ नियत की गयी तिथियों में मिलान कराने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत करने के पश्चात भी अभी तक आपके जनपदों में नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटर्स ग्रेड–ए के त्रुटिरहित बोर्ड प्रपत्र तैयार कर अद्यावधिक चरित्र पंजिकाओं के साथ मिलान कराने हेतु सम्बन्धित चरित्र पंजिका लिपिक तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय में उपस्थित नहीं हुये हैं। जबकि बोर्ड प्रपत्र तैयार कर रखे जाने हेतु सम संख्यक पत्र दिनांक 11–01–2024 व विभिन्न अनुस्मारक पत्रों द्वारा पूर्व में ही निर्देशित किया गया था। कतिपय जनपदों के चरित्र पंजिका लिपिकों द्वारा त्रुटिपूर्ण बोर्ड प्रपत्र

व अपूर्ण चरित्र पंजिकाओं के साथ मिलान हेतु उपस्थित होने पर उन्हें चरित्र पंजिकाओं को चरित्र पंजिकाओं को अद्यावधिक कर त्रुटिरहित बोर्ड प्रपत्र तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इस मुख्यालय/स्थापना/जोन/रेन्ज से भेजे गये पत्रों तथा उसके साथ संलग्न प्रारूपों का सम्बन्धित चरित्र पंजिका लिपिकों/प्रधान लिपिकों एवं पुलिस उपाधीक्षक (कार्यालय) द्वारा भली–भाँति अध्ययन न करते हुए त्रुटिपूर्ण बोर्ड प्रपत्र तैयार किया जा रहा है।

अतः कृपया अनुरोध है कि व्यक्तिगत रूचि लेते हुए सम्बन्धित को दिनांक 06–07–2024 के पूर्व त्रुटिरहित बोर्ड प्रपत्र अद्यावधिक चरित्र पंजिकाओं के साथ पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुरूप तैयार कर मिलान कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि मुख्यालय स्तर पर संकलित कर प्रोन्नति की प्रक्रिया को पूर्ण कराने हेतु उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को उपलब्ध कराया जा सके।

2/7/24

(नवीन अरोरा)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवाऍ मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।

प्रतिलिपि : <u>निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–</u>

1– सदस्य/अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।
2– अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना।
3– समस्त अपर पुलिस महानिदेशक, जोन, उ0प्र0।
4– समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिक्षेत्र, उ0प्र0।
5– पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्ध नगर/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद– अयोध्या, बाराबंकी, बस्ती, झॉसी, ललितपुर, मऊ, मिर्जापुर, मुज्जफरनगर, शामली को इस निर्देश के साथ कि आपके जनपद से क्रमशः 02, 02, 06, 01, 01, 01, 01, 05, 05, 04 चरित्र पंजिकायें अद्यावधिक न होने अथवा बोर्ड प्रपत्र त्रुटिपूर्ण होने के कारण वापस की गयी हैं, जिसे अद्यावधिक चरित्र पंजिकाओं एवं त्रुटिरहित बोर्ड प्रपत्र इस मुख्यालय में उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
6– प्रभारी वेवसाइट को तकनीकी सेवाऍ की वेवसाइट पर अपलोर्ड करने हेतु।